दक्ष®

10 मई 2022 को जारी नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

# ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती

(वरिष्ठ अध्यापक)

# सामाजिक विज्ञान

(प्रश्न-पत्र : द्वितीय)

# 15 प्रैक्टिस पेपर्स

(सम्पूर्ण हल एवं व्याख्या सहित)

2400 परीक्षा उपयोगी अति महत्वपूर्ण प्रश्न

- कम समय में निश्चित सफलता हेतु एकमात्र प्रैक्टिस पेपर
- विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रैक्टिस पेपर
- पाठ्यक्रम में शामिल प्रत्येक बिन्दु पर आधारित प्रश्नों का महत्व के अनुसार समावेश

Buy Online at : WWW.DAKSHBOOKS.COM

दक्ष®

# ग्रेड-2nd

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

# शिक्षक भर्ती

# सामाजिक विज्ञान

(प्रश्न-पत्र : द्वितीय)

# 15

2400 परीक्षा उपयोगी अति महत्त्वपूर्ण प्रश्न

## प्रैक्टिस पेपर्स

(सम्पूर्ण हल एवं व्याख्या सहित)

संकलनकर्ता
प्रहलाद सिंह
MA, BED, NET (राजनीति विज्ञान)

दक्ष प्रकाशन
(A Unit of College Book Centre)
WWW.DAKSHBOOKS.COM

# विषय-सूची

अध्याय नं. अध्याय का नाम ............................................................................. पेज नम्बर

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा 2018
सामाजिक विज्ञान [Social Science] परीक्षा 03 जुलाई, 2019 को आयोजित
प्रश्न-पत्र का सम्पूर्ण हल एवं व्याख्या सहित ........................................................ P-1–P-18

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-1 ............ 1–14

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-2 .......... 15–28

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-3 .......... 29–41

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-4 .......... 42–54

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-5 .......... 55–67

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-6 .......... 68–82

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-7 .......... 83–96

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-8 .......... 97–110

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-9 ....... 111–123

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-10 ....... 124–136

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-11 ....... 137–149

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-12 ....... 150–163

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-13 ....... 164–176

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-14 ........ 177–189

❖ ग्रेड-2nd शिक्षक भर्ती परीक्षा सामाजिक विज्ञान • प्रैक्टिस पेपर-15 ....... 190–202

# विज्ञप्ति 2018

## परीक्षा 03 जुलाई, 2019 को आयोजित

● समय/Time : 2 घण्टे/Hours ● प्रश्नों की संख्या/Number of Questions : 100 प्रश्न ● पूर्णांक/Maximum Marks : 200

**1. रासायनिक अपक्षय का एक रूप है—**

(A) बिखराव (B) विघटन

(C) सिलिका पृथक्करण (D) अपपत्रण **[C]**

**व्याख्या**—रासायनिक प्रतिक्रियाओं जो चट्टानों, मिट्टी, और खनिजों जैसी चीजों की रासायनिक संरचना को बदल देते हैंतो इसी प्रक्रिया को रासायनिक अपक्षय के रूप में जाना जाता है। प्रक्रिया धीरे-धीरे होती है और परिणामस्वरूप माध्यमिक या नए खनिजों का निर्माण होता है। रासायनिक प्रतिक्रियाएँ जो रासायनिक अपक्षय को प्रेरित करती हैं, वे हैं ऑक्सीकरण, हाइड्रोलिसिस, जलयोजन, कार्बोनेशन और कमी।

**2. वर्ष 2017-18 अवधि में भारत के प्रथम चार प्रमुख राज्यों में चना उत्पादन का सही अवरोही क्रम है—**

(A) महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश-राजस्थान-कर्नाटक

(B) राजस्थान-मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-कर्नाटक

(C) कर्नाटक-राजस्थान-मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र

(D) मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-राजस्थान-कर्नाटक **[D]**

**व्याख्या**—चना रबी ऋतु की प्रमुख दलहनी फसल है। चने में नमी, रेशे, चिकनाई, कैल्शियम, आयरन, विटामिन और कार्बोहाइड्रेट पर्याप्त मात्रा में पाये जाते हैं। शरीर में होने वाली रक्त की कमी, कब्ज, मधुमेह और पीलिया जैसे रोगों में चना बहुत असरकारक सिद्ध होता है। भारत में चने के मुख्य उत्पादक राज्य मध्यप्रदेश,महाराष्ट्र,राजस्थान,उत्तर प्रदेश,हरियाणा, पंजाब आदि हैं।

**3. राजस्थान में निम्नांकित नस्लों में से कौनसी एक भेड़ की नहीं है?**

(A) मालपुरा (B) नाली

(C) सिरोही (D) मगरा **[C]**

**व्याख्या**—राजस्थान में मालपुरा भेड़ टोंक, सवाई माधोपुर तथा जयपुर जिलों में पायी जाती है।

नाली भेड़ राजस्थान में सर्वाधिक गंगानगर तथा हनुमानगढ़ में पायी जाती है।

राजस्थान में मगरा भेड़ सर्वाधिक बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर जिलों में पायी जाती है।

मगरा भेड़ की ऊन से कालीन (चटाई) बनाई जाती है।

सिरोही बकरी की एक नस्ल है, जो गोड़वाड़ क्षेत्र में पाई जाती है।

**4. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए व नीचे दिए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए—**

| सूची-I (कपड़ा कारखाना) | सूची-II (अवस्थिति) |
|---|---|
| (a) डर्बी टेक्सटाइल्स | (i) कोटा |
| (b) मॉडर्न सिन्टेक्स (इण्डिया) | (ii) जोधपुर |
| (c) आदित्य लिमिटेड मिल्स | (iii) अलवर |
| (d) सुदर्शन टेक्सटाइल्स | (iv) किशनगढ़ |

| कूट: | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (i) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**[B]**

**व्याख्या**—डर्बी टेक्सटाइल-जोधपुर

मॉडर्न सिंटेक्स-अलवर

आदित्य मिल्स लिमिटेड -किशनगढ़

सुदर्शन टेक्सटाइल - कोटा

**5. भूकम्पीय तरंगों के लिए पृथ्वी के अभ्यान्तर निम्नांकित मण्डलों में से कौन सा एक मन्द वेग का मण्डल कहलाता है?**

(A) निचला मैण्टल (B) दुर्बलता मण्डल

(C) बाह्य अन्तरतम (D) आन्तरिक अन्तरतम **[B]**

**व्याख्या**—भू-पर्पटी के नीचे वाले भाग को मैंटल कहते हैं। यह 2900 किलोमीटर की गहराई तक पाया जाता है। मैंटल का निर्माण सिलिका और मैग्नीशियम से हुआ है। मैंटल के ऊपरी भाग को दुर्बलता मंडल (Asthenosphere) कहा जाता है। इसे मंद वेद मंडल भी कहते हैं।

**6. लैटेराइट मिट्टी का निर्माण प्रधानतः उन क्षेत्रों में पाया जाता है, जहाँ होते हैं—**

(A) उच्च तापमान एवं निम्न वर्षा

(B) उच्च तापमान एवं भारी वर्षा

(C) निम्न तापमान एवं निम्न वर्षा

(D) निम्न तापमान एवं भारी वर्षा **[B]**

**व्याख्या**—लैटेराइट मिट्टी भारी वर्षा और ऊँचे तापमान वाले इलाकों में पाई जाती है। इस मिट्टी का विस्तार मुख्यतः दक्षिणी प्रायद्वीपीय पठारी क्षेत्र के उच्च भागों में हुआ है। इसके प्रमुख क्षेत्र हैं - मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पूर्वी तथा पश्चिमी घाट पहाड़ों के समीपवर्ती क्षेत्र, बिहार में राजमहल की पहाड़ियाँ, कर्नाटक, केरल, उड़ीसा तथा असम राज्य के कुछ भाग। इस मिट्टी का सर्वाधिक विस्तार केरल राज्य में पाया जाता हे। लैटेराइट मिट्टी कहवा एवं काजू उत्पादन के लिए उपयोगी है।

**7. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है। अपने उत्तर का चयन नीचे दिये गये कीजिए। कूट से अभिकथन (A) : हवाएँ / पवनें धीमी गति से बहती हैं जब दाब प्रवणता कम होती है। कारण (R) : दाब प्रवणता कम होती है जब सम दाब रेखाएँ समीप-समीप पायी जाती हैं।**

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

# वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा

GRADE-II (Sr. Teacher)

# प्रैक्टिस पेपर-1

सामाजिक विज्ञान PAPER-II

**नवीन पाठ्यक्रम एवं गत वर्ष की परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों के कठिनाई और प्रश्नों की संख्या के स्तरानुसार जिन Topics पर जितने प्रश्न पूछे गए हैं उन्हीं के अनुरूप सभी प्रैक्टिस पेपर बनाए गए हैं। इनको पढ़कर विद्यार्थी अपनी सफलता सुनिश्चित करें।**

**कुल प्रश्न : 150 | समय : 150 मिनट | कुल अंक : 300**

*प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः [A], [B], [C], [D] अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा। गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से सम्बन्धित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जाएगा।*

**1. हड़प्पा सभ्यता के किस स्थल से मिट्टी के हल के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं?**

(A) राखीगढ़ी (B) रंगपुर
(C) रोपड़ (D) लोथल **[A]**

**व्याख्या**—विश्व की प्राचीन नदी घाटी सभ्यताओं में से एक प्रमुख सभ्यता हड़प्पा सभ्यता थी। उसे सिंधु-सरस्वती सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है। हरियाणा के हिसार ज़िले में स्थित बनावली से खेत की जुताई में प्रयुक्त होने वाले हल के मिट्टी के खिलौने मिले हैं

**2. प्रारंभिक आर्यों के बारे में निम्न कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?**

(A) वे संस्कृत बोलने वाले थे
(B) वे घुड़सवारी किया करते थे
(C) वे कई झुण्डों में भारत पहुँचे थे
(D) वे मुख्यतः नगरों में निवास करते थे **[D]**

**व्याख्या**—ऋग्वैदिक सभ्यता ग्रामीण संस्कृति थी। जबकि सिन्धु सभ्यता के लोग सुनियोजित नगरीय जीवन से भलीभाँति परिचित थे। अतः विकल्प 4 गलत है।

**3. जैन धर्म में शिक्षा का अंतिम लक्ष्य है?**

(A) दान पुण्य (B) दया और त्याग
(C) मुक्ति (D) अहिंसा **[C]**

**व्याख्या**—जैन धर्म आध्यात्मिक धर्म है। इसका लक्ष्य मोक्ष प्राप्त करना है। मोक्ष प्राप्ति हेतु स्व यानि स्वयं की आत्मा में ही रहने का प्रयास करना है।

**4. बुद्ध शब्द का क्या अर्थ है?**

(A) एक विजेता (B) एक ज्ञान सम्पन्न व्यक्ति
(C) एक प्रतिभाशाली व्यक्ति (D) एक शक्तिशाली व्यक्ति **[B]**

**व्याख्या**—बुद्ध ही एक ऐसे महापुरुष थे, जिनको यथार्थ में निष्काम कर्मयोगी कहा जा सकता है। अपने ही संबंध में महात्मा बुद्ध कहा करते थे कि बुद्ध शब्द का अर्थ है आसमान के समान अनंत ज्ञान सम्पन्न।

**5. विशाखदत्त के प्राचीन भारतीय नाटक मुद्राराक्षस की विषय वस्तु है–**

(A) प्राचीन हिन्दू जनश्रुति के देवताओं और राक्षसों के बीच संघर्ष के बारे में
(B) एक आर्य राजकुमार और एक कबीलाई महिला की प्रेमकथा के बारे में
(C) दो आर्य कबीलों के बीच सत्ता के संघर्ष की कथा के बारे में
(D) चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में राजदरबार की दुरभिसंधियों के बारे में **[D]**

**व्याख्या**—मुद्राराक्षस के लेखक विशाखदत्त है और इसका नायक चाणक्य है। मुद्राराक्षस की विषय वस्तु चंद्रगुप्त मौर्य के समय में राजदरबार की दुरभिसंधियों के बारे में बताती है। विशाखदत्त की मुद्राराक्षस से चंद्रगुप्त मौर्य तथा चाणक्य की गतिविधियों का पता चलता है।

**6. गुप्त किसके सामंत थे?**

(A) मौर्यों के (B) कुषाणों के
(C) सातवाहनों के (D) इनमें से कोई नहीं **[B]**

**व्याख्या**—कुषाण काल के खंडहर पर गुप्त साम्राज्य का प्रादुर्भाव हआ। गुप्त साम्राज्य का राज्य क्षेत्र कुषाण और सातवाहन दोनों के पिछले राज्यक्षेत्र के बहुत बड़े भाग पर स्थापित किया पर इनका मौर्य साम्राज्य जैसा विशाल साम्राज्य नहीं था। गुप्त मूलतः वैश्य थे और शायद कुषाणों के सामंत थे।

**7. सूफिया कलाम जो एक प्रकार का भक्ति संगीत है, कहाँ की विशेषता है?**

(A) गुजरात की (B) कश्मीर की
(C) राजस्थान की (D) इनमें से कोई नहीं **[B]**

**व्याख्या**—सूफी संगीत सूफियों के भक्ति संगीत को संदर्भित करता है, जो रूमी, हाफिज, बुल्ले शाह, अमीर खुसरो और ख्वाजा गुलाम फरीद

# प्रैक्टिस पेपर-3

**कुल प्रश्न : 150** **समय : 150 मिनट** **कुल अंक : 300**

**1. रंगपुर कहां स्थित है?**
(A) सतलज नदी के बाएं तट पर (B) गुजरात के कच्छ जिले में
(C) गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में (D) सहारनपुर जिले में **[C]**
व्याख्या—रंगपुर गुजरात के काठियावाड़ प्रायद्वीप में सुकभादर नदी के समीप स्थित है। इस स्थल की खुदाई वर्ष 1953-1954 में ए. रंगनाथ राव द्वारा की गई थी। यहाँ पर पूर्व हड़प्पा कालीन संस्कृति के अवशेष मिले हैं।

**2. वैदिक गणित का महत्त्वपूर्ण अंग है–**
(A) शतपथ ब्राह्मण (B) अथर्ववेद
(C) शुल्व सूत्र (D) छांदोग्य उपनिषद् **[C]**
व्याख्या—शुल्व सूत्र हिंदू धार्मिक दस्तावेज़ों का एक संग्रह है, जिसे 800 ई. पू. से 200 ई. पू. के बीच लिखा गया। यह पुस्तकें गणितीय रूप से बहत महत्वपूर्ण हैं। कई विद्वानों का विश्वास है कि ये गणित की सबसे पुरानी पुस्तके हैं।

**3. 'सत्यमेव जयते' शब्द किस उपनिषद् से लिए गए हैं?**
(A) मुण्डक उपनिषद् (B) कठ उपनिषद्
(C) ईश उपनिषद् (D) वृहदारण्यक उपनिषद् **[A]**
व्याख्या—'सत्यमेव जयते' का सूत्रवाक्य मुण्डक-उपनिषद से लिया गया है। यह मूलतः मुण्डक-उपनिषद के सर्वज्ञात मंत्र का शुरुआती हिस्सा है।

**4. महावीर ने जैन संघ की स्थापना कहाँ की?**
(A) कुण्डग्राम (B) वाराणसी
(C) पावा (D) वैशाली **[C]**
व्याख्या—पावापुरी, जिसे पावा भी कहा जाता है, भारत के बिहार राज्य के नालंदा ज़िले में राजगीर और बोधगया के समीप स्थित एक स्थान है। महावीर स्वामी द्वारा जैन संघ की स्थापना पावापुरी में ही की गई थी।

**5. बौद्ध धर्म का मूलाधार है–**
(A) चार आर्य सत्य (B) त्रिरत्न
(C) इनमें से कोई नहीं (D) अष्टांगिक मार्ग **[A]**
व्याख्या—आर्यसत्य की संकल्पना बौद्ध दर्शन का मूल सिद्धांत है। इसे संस्कृत में चत्वारि आर्यसत्यानि और पालि में चत्तरि अरियसच्चानि कहते हैं। आर्यसत्य चार हैं- दुःख: संसार में दुःख है, समुदय: दुःख के कारण हैं, निरोध: दुःख के निवारण हैं, मार्ग: निवारण के लिये अष्टांगिक मार्ग हैं।

**6. तीर्थ यात्रा के समय सम्राट अशोक निम्नलिखित स्थानों पर गए, उन्होंने किस मार्ग का अनुगमन किया–**
1. गया 2. कपिलवस्तु
3. कुशीनगर 4. लुंबिनी
5. सारनाथ 6. श्रावस्ती
(A) 1,2,3,4,5,6 (B) 1,3,4,2,5,6
(C) 4,5,6,3,2,1 (D) 4,2,1,5,3,6 **[D]**
व्याख्या—अशोक ने अपने सातवें अभिलेख में तीर्थ यात्राओं का वर्णन किया है। वह कहता है, सब जगह सब सम्प्रदाय के मनुष्य निवास करें क्योंकि वे सब संयम व आत्मशुद्धि चाहते हैं। विकल्प (D) के मार्ग उचित है।

**7. गुप्त शासकों की दरबारी भाषा थी–**
(A) पालि (B) प्राकृत
(C) हिन्दी (D) संस्कृत **[D]**
व्याख्या—गुप्त शासकों की सरकारी/दरबारी भाषा संस्कृत थी। गुप्त शासक स्वयं संस्कृत भाषा के विद्वान एवं साहित्य प्रेमी थे। उन्होंने अनेक संस्कृत लेखकों को अपने दरबार में आश्रय प्रदान किया था। गुप्त काल के तीन प्रसिद्ध कवि-हरिषेण, वीरसेन और वस्त्यभट्टी थे।

**8. सूफी शब्द की उत्पत्ति के संबंध में सर्वाधिक मान्यता प्राप्त मत है–**
(A) सूफ (ऊन) शब्द से हुई क्योंकि सूफी ऊनी कंवल या लबादा ओढ़ते थे
(B) सफा शब्द से हुई क्योंकि सूफियों के दिल, आत्मा, विचार व कृत्य पवित्र और शुद्ध होते थे
(C) सूफ (मण्डली) शब्द से हुई क्योंकि इन सूफियों का व्यवहार पैगम्बर से जुड़ी हुई मण्डली के लोगों के समान थी
(D) इनमें से कोई नहीं **[A]**
व्याख्या—सूफी शब्द की उत्पत्ति अरबी भाषा के एक शब्द सूफ से हुई है। सूफ शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है एक तरह का गलीचा, जो मोटे कपडे (ऊँन) से बना हुआ होता है।

**9. कौन-सा मकबरा द्वितीय ताजमहल कहलाता है ?**
(A) अनारकली का मकबरा
(B) एत्माद्दौला का मकबरा
(C) रबिया उद दौरानी का मकबरा
(D) इनमें से कोई नहीं **[C]**
व्याख्या—औरंगजेब ने औरंगाबाद में अपनी प्रिय पत्नी राबिया-उद-दौरानी के मकबरे का निर्माण 1678 ई. में करवाया था। इसकी स्थापत्य कला ताज महल पर आधारित है। अत: इसे द्वितीय ताजमहल भी कहा जाता है।

**10. शिवाजी ने कोंडना किले को जीतकर उसका नाम क्या रखा था?**
(A) पुरंदर (B) रायगढ़
(C) सिंहगढ़ (D) सलहेर **[C]**
व्याख्या—सिंहगढ़, भारत के महाराष्ट्र राज्य के पुणे ज़िले में स्थित एक पहाड़ी क्षेत्र पर स्थित एक दुर्ग है, जो पुणे से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। दुर्ग को पहले कोंढाना के नाम से भी जाना जाता था।

**11. 1857 के विद्रोह से प्रभावित क्षेत्र नहीं था?**
(A) झांसी (B) चित्तौड़
(C) जगदीशपुर (D) लखनऊ **[B]**

# प्रैक्टिस पेपर-6

**कुल प्रश्न : 150** **समय : 150 मिनट** **कुल अंक : 300**

**1. हड़प्पा निम्नलिखित में से किस सभ्यता से संबद्ध है—**
(A) सुमेरियन सभ्यता (B) सिंधु घाटी सभ्यता
(C) वैदिक सभ्यता (D) मेसोपोटामिया सभ्यता **[B]**

**व्याख्या**—भारत का इतिहास सिंधु घाटी सभ्यता से प्रारंभ होता है जिसे हम हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जानते हैं। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मोंटगोमरी जिले में रावी नदी के तट पर स्थित है।

**2. निम्नलिखित में से कौन सा ब्राह्मण ग्रंथ ऋग्वेद से संबंधित है?**
(A) ऐतरेय ब्राह्मण (B) गोपथ ब्राह्मण
(C) शतपथ ब्राह्मण (D) तैत्तिरीय ब्राह्मण **[A]**

**व्याख्या**—ऐतरेय ब्राह्मण ऋग्वेद की एक शाखा है जिसका केवल ''ब्राह्मण'' ही उपलब्ध है, संहिता नहीं। ऐतरेय ब्राह्मण ऋग्वेदीय ब्राह्मणों में अपनी महत्ता के कारण प्रथम स्थान रखता है। यह ''ब्राह्मण'' हौत्रकर्म से संबद्ध विषयों का बड़ा ही पूर्ण परिचायक है और यही इसका महत्व है।

**3. ऋग्वैदिक काल में निष्क किस अंग का आभूषण था?**
(A) कान का (B) गले का
(C) बाहु का (D) कलाई का **[B]**

**व्याख्या**—ऋग्वेद के अनुसार 'निष्क' गले का आभूषण है। बाद में, 'निष्क' का उपयोग सोने के सिक्के का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया था।

**4. निम्नलिखित राज्यों में से किसका संबंध बुद्ध के जीवन से था—**
1. अवंति 2. गांधार 3. कौशल 4. मगध
(A) 1,2,3 (B) 2,4 (C) 3,4 (D) 1,3,4 **[C]**

**व्याख्या**—कौशल और मगध का संबंध बुद्ध के जीवन से था। बौद्ध धर्म भारतीय विचारधारा के सर्वाधिक विकसित रूपों में से एक है और हिन्दुमत (सनातन धर्म) से साम्य रखता है।

**5. निम्नलिखित में से अशोक का उत्तराधिकारी कौन था?**
(A) कुणाल (B) बिन्दुसार
(C) राहुल (D) इनमें से कोई नहीं **[A]**

**व्याख्या**—अशोक के बाद कुणाल राजसिंहासन पर बैठा। पुराणों से इस बात की पुष्टि होती है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसी के समय में मगध साम्राज्य का पश्चिमोत्तर भाग साम्राज्य से अलग होने लगा।

**6. शिवाजी के समसामयिक मराठा संत का नाम था?**
(A) संत ज्ञानेश्वर (B) नामदेव
(C) संत एकनाथ (D) संत तुकाराम **[D]**

**व्याख्या**—संत कवि तुकाराम पुणे के देहू कस्बे के छोटे-से कारोबारी परिवार में 17वीं सदी में जन्मे थे। उन्होंने ही महाराष्ट्र में भक्ति आंदोलन की नींव डाली। वे भगवान विट्ठल, यानी विष्णु के परम भक्त थे। उन्होंने स्थानीय भाषा में भगवान विट्ठल को समर्पित कई भक्ति गीतों की रचना की। वे शिवाजी के समसामयिक मराठा संत थे।

**7. सूफी परंपरा में ''पीर'' से क्या आशय है?**
(A) सर्वोच्च ईश्वर
(B) सूफियों का गुरु
(C) सूफियों की आस्थाओं के लिए लड़ने वाला परंपरावादी शिक्षक
(D) सभी सूफी संतों में सर्वश्रेष्ठ **[B]**

**व्याख्या**—पीर या पीयर सूफी आध्यात्मिक मार्गदर्शिका का एक शीर्षक है। उन्हें एक हज़रत या शेख भी कहा जाता है, सूफीवाद में एक पीर की भूमिका सूफी मार्ग पर अपने शिष्यों को मार्गदर्शन और निर्देश देना है।

**8. 1674 में किस जगह शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक किया गया था?**
(A) जिंजी (B) सूरत (C) कल्याण (D) रायगढ़ **[D]**

**व्याख्या**—छत्रपति शिवाजी भोसले भारत के एक महान राजा एवं रणनीतिकार थे जिन्होंने 1674 ई. में पश्चिम भारत में मराठा साम्राज्य की नींव रखी। इसके लिए उन्होंने मुगल साम्राज्य के शासक औरंगज़ेब से संघर्ष किया। सन् 1674 में रायगढ़ में उनका राज्याभिषेक हुआ और वह ''छत्रपति'' बने।

**9. 1857 के विद्रोह की असफलता के बाद बहादुर शाह-II को कहाँ निर्वासित कर दिया गया?**
(A) सिंगापुर (B) ढाका
(C) साइबेरिया (D) रंगून **[D]**

**व्याख्या**—विद्रोह को दबाने के बाद अंग्रेजों ने बहादुर शाह ज़फ़र को सजा देने के लिए देश से निर्वासित कर रंगून भेज दिया। जहां उनकी मौत 1862 में हो गई थी।

**10. निम्नलिखित में से किसने 1909 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता की थी?**
(A) दादाभाई नौरोजी (B) रासबिहारी बोस
(C) मदन मोहन मालवीय (D) बिशन नारायण धर **[C]**

**व्याख्या**—मदन मोहन मालवीय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रणेता थे। वे भारत के पहले और अन्तिम व्यक्ति थे जिन्हें महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित किया गया। उन्होंने 1909 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता की।

**11. फ्रांस की क्रांति के परिणामों के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही है?**
(A) सामंतवाद के अवशेष समाप्त हो गए
(B) राजतंत्र का अंत हो गया
(C) नागरिकों के मौलिक अधिकारों की घोषणा हुई
(D) उपर्युक्त सभी कथन सही हैं **[D]**

**65. भारतीय संविधान में प्रदत्त सामाजिक समानता का संबंध है?**
(A) अनुच्छेद 14 से 18 (B) अनुच्छेद 26 से 29
(C) अनुच्छेद 18 से 22 (D) अनुच्छेद 32 **[A]**
**व्याख्या**—संविधान में अनुच्छेद 14 से 18 में प्रदत्त सामाजिक समानता का अधिकार सामाजिक स्वतंत्रता को मजबूती प्रदान करने के लिए है। हमारे संविधान में कानून के समक्ष समानता, धर्म, मूलवंश, जाति या जन्म स्थान के आधार पर विभेद का निषेध तथा उपाधियों का अंत आदि समानता के अधिकार के अन्तर्गत नागरिकों को मूल अधिकार प्रदान किए गए हैं।

**66. भारतीय संविधान को एकात्मक रूप देने वाले वाला लक्षण है?**
(A) द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका
(B) शक्तियों का विभाजन
(C) लिखित संविधान
(D) राज्यसभा में राज्यों का असमान प्रतिनिधित्व **[D]**
**व्याख्या**—अमेरिका में 50 राज्य है तथा प्रत्येक राज्य को सीनेट में दो प्रतिनिधि भेजने का अधिकार है। भारत में राज्यसभा में जनसंख्या के आधार पर राज्यों को प्रतिनिधित्व दिया जाता है, जैसे नागालैण्ड का 1, राजस्थान के 10, बिहार के 16 तथा महाराष्ट्र के 19 प्रतिनिधि हैं।

**67. जब न्यायालय किसी पदाधिकारी को उसके कर्तव्य निर्वहन के लिए आदेश जारी करता है तो इसे कहते हैं—**
(A) परमादेश (B) प्रतिषेध लेख
(C) उत्प्रेषण आदेश (D) अधिकार पृच्छा **[A]**
**व्याख्या**—परमादेश का शाब्दिक अर्थ है 'हम आज्ञा देंते हैं' अर्थात यह किसी व्यक्ति या निकाय को उस स्थिति में कर्त्तव्य पालन का आदेश देता है यदि इन निकायों ने ऐसा कार्य करने से मना कर दिया हो और जहाँ उस कर्त्तव्य के पालन को लागू करने के लिये अन्य पर्याप्त कानूनी उपाय मौजूद नहीं हैं।

**68. 'भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा कि वह प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार करे' उपरोक्त कथन भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में संदर्भित है?**
(A) अनुच्छेद 21 (B) अनुच्छेद 48 (A)
(C) अनुच्छेद 51 (A) (D) अनुच्छेद 56 **[B]**
**व्याख्या**—अनुच्छेद 48(A) पर्यावरण की सुरक्षा और सुधार और वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। जिसके तहत् राज्य पर्यावरण की रक्षा, सुधार और देश के वनों और वन्यजीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा। संविधान के (42 वाँ संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा अनुच्छेद 48A जोड़ा गया।

**69. राष्ट्रपति के निर्वाचन मंडल के सदस्य होते हैं—**
(A) संसद के मनोनीत सदस्य
(B) संसद के सभी सदस्य
(C) विधानसभाओं के मनोनित सदस्य
(D) संसद एवं राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य **[D]**
**व्याख्या**—भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में सभी राज्यों की विधानसभाओं एवं संघराज्य क्षेत्रों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य और लोक सभा तथा राज्य सभा के निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सदस्य, राष्ट्रपति चुनाव में वोट नहीं डाल सकते हैं।

**70. राज्य विधान सभाओं में आंग्ल भारतीय सामुदाय के लिए प्रतिनिधित्व का प्रावधान भारत के संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा किया गया है ?**
(A) अनुच्छेद - 330 (B) अनुच्छेद - 331
(C) अनुच्छेद - 332 (D) अनुच्छेद-333 **[D]**
**व्याख्या**—भारतीय संविधान का अनुच्छेद 333—राज्यों की विधानसभाओं में एंग्लो-इंडियन समुदाय का प्रतिनिधित्व का प्रावधान करता है।

**71. बम्बई उच्च न्यायालय, कलकत्ता उच्च न्यायालय तथा मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना एक साथ हुई थी। इन उच्च न्यायालयों की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**
(A) 1862 ई. (B) 1866 ई. (C)1884 ई. (D)1948 ई. **[A]**
**व्याख्या**—भारत में सबसे पुराना उच्च न्यायालय कलकत्ता उच्च न्यायालय है जिसकी स्थापना 1 जुलाई 1862 को हुई थी । कलकत्ता, बम्बई तथा मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना 1862 मे एक राजज्ञा द्वारा हुई थी।

**72. बलवंत राय समिति प्रतिवेदन के अनुसार महत्त्वपूर्ण संस्था कौनसी है?**
(A) ग्राम पंचायत (B) जिला परिषद
(C) पंचायत समिति (D) सहकारी समिति **[C]**
**व्याख्या**—बलवंत राय समिति (1957) के प्रतिवेदन के आधार पर उन्होने पंचायत समिति को ज्यादा महत्त्वपूर्ण बनाने का अनुमोदन किया है।

**73. भारत पाकिस्तान के बीच शिमला समझौता कब हुआ था?**
(A) 1971 (B) 1992 (C) 1972 (D) 1968 **[C]**
**व्याख्या**—1972 को भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद शिमला में एक संधि पर हस्ताक्षर हुए, जिसे शिमला समझौता कहा जाता है। इसमें भारत की तरफ से इंदिरा गांधी और पाकिस्तान की तरफ से जुल्फिकार अली भुट्टो शामिल थे। इसमें यह प्रावधान किया गया कि दोनों देश अपने संघर्ष और विवाद समाप्त करने का प्रयास करेंगे, और यह वचन दिया गया कि उप-महाद्वीप में स्थाई मित्रता के लिए कार्य किया जाएगा।

**74. 'लाहौर घोषणा पत्र' का सम्बन्ध किस भारतीय प्रधानमन्त्री से है?**
(A) राजीव गांधी (B) इंदिरा गांधी
(C) अटल बिहारी वाजपेयी (D) गुजराल **[C]**
**व्याख्या**—फ रवरी 1999 में भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। जिसका मकसद दोनों देशों के बीच शांति और स्थिरता स्थापित करने के अलावा वहां रहने वाले लोगों की प्रगति और समृद्धि था।

**75. संयुक्त राष्ट्र संघ के संस्थापक सदस्यों की संख्या थी -**
(A) 193 (B) 51 (C) 15 (D) 05 **[B]**
**व्याख्या**—संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को हुई थीं। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय ''हेग'' में है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली बैठक 10 जून, 1946 को लंदन में हुई। संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में 111 अनुच्छेद है। इसके संस्थापक सदस्य देशों की संख्या 51 है।

**76. संयुक्त राष्ट्र संघ का कौनसा अंग वर्तमान में सबसे कम महत्त्व का रह गया है?**
(A) महासभा (B) सुरक्षा परिषद
(C) न्यास परिषद (D) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय **[C]**

# प्रैक्टिस पेपर-11

**कुल प्रश्न : 150** **समय : 150 मिनट** **कुल अंक : 300**

**1. सूची एक को सूची दो के साथ सुमेलित कीजिए और कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए–**

| **सूची एक** | **सूची दो** |
|---|---|
| **प्राचीन स्थल** | **पुरातत्व खोज** |
| **[i]** लोथल | **[1]** जुता हुआ खेत |
| **[ii]** कालीबंगा | **[2]** गोदीबाड़ा |
| **[iii]** धोलावीरा | **[3]** पक्की मिट्‌टी की हल की प्रतिकृति |
| **[iv]** बनावली | **[4]** चिन्हों वाला एक शिलालेख |

| **कूट :** | **(i)** | **(ii)** | **(iii)** | **(iv)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**[B]**

**व्याख्या**—

| | | |
|---|---|---|
| लोथल | – | गोदीबाड़ा |
| कालीबंगा | – | जुता हुआ खेत |
| धोलावीरा | – | चिन्ह वाला अभिलेख |
| बनावली | – | हल की प्रतिकृति |

**2. ऋग्वेद के किस मंडल में शूद्र का उल्लेख पहली बार मिलता है?**
(A) 7वें (B) 8वें (C) 9वें (D) 10वें **[D]**
**व्याख्या**—ऋग्वेद के (10वाँ मंडल के) पुरुषसूक्त में प्रथम बार चतुरवर्ण (ब्राह्मण,क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र) का उल्लेख हुआ है। इसी मंडल में विवाह सूक्त में वैदिक कालीन विवाह प्रणाली का उल्लेख भी मिलता है।

**3. श्रीमद् भागवत गीता मौलिक रूप से किस भाषा में लिखी गई है?**
(A) संस्कृत (B) उर्दू (C) पाली (D) हिंदी **[A]**
**व्याख्या**—महाभारत युद्ध आरम्भ होने के ठीक पहले भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो उपदेश दिया वह श्रीमद् भागवत गीता के नाम से प्रसिद्ध है। यह महाभारत के भीष्मपर्व का अंग है। गीता में 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं। यह मौलिक रूप से संस्कृत में लिखी गई है।

**4. अनेकांतवाद निम्नलिखित में से किसका केंद्रीय सिद्धांत एवं दर्शन है?**
(A) बौद्ध मत (B) जैन मत
(C) सिक्ख मत (D) वैष्णव मत **[B]**
**व्याख्या**—अनेकांतवाद जैन दर्शन का सिद्धांत है। इसका अभिप्राय यह है कि संसार की प्रत्येक वस्तु विरुद्ध प्रतीत होने वाले अनंत धर्मों के भिन्न-भिन्न आशय हैं। वस्तु के संबंध में विभिन्न दर्शनों की जो विभिन्न मान्यताएँ हैं, अपेक्षाभेद एवं दृष्टिभेद से वे सब सत्य हैं।

**5. निम्नांकित में से किसकी तुलना मैकियावेली के प्रिंस से की जाती है?**
(A) कालिदास का मालविकाग्निमित्र
(B) कौटिल्य का अर्थशास्त्र
(C) वात्स्यायन का कामसूत्र
(D) तिरुवल्लुरर का तिरुक्कुरल **[B]**
**व्याख्या**—अर्थशास्त्र, कौटिल्य या चाणक्य द्वारा रचित संस्कृत का एक ग्रन्थ है। इसमें राज्यव्यवस्था, कृषि, न्याय एवं राजनीति आदि के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया है।

**6. फाह्यान किसके शासन काल में भारत आया था ?**
(A) चन्द्रगुप्त प्रथम (B) अशोक
(C) हर्षवर्धन (D) चन्द्रगुप्त द्वितीय **[D]**
**व्याख्या**—चीनी यात्री फाह्यान पांचवीं सदी में गुप्त शासक चन्द्रगुप्त II के शासनकाल में भारत आया था। फाह्यान एक प्रसिद्ध बौद्ध चीनी यात्री था। भारत आने का इसका उद्देश्य बौद्ध धर्म के बारे में जानकारी प्राप्त करना तथा धर्म के साक्ष्य एकत्रित कर अपने साथ ले जाना था।

**7. निम्नलिखित सूफी सिलसिलों (संप्रदायों) में कौन संगीत के विरुद्ध था?**
(A) चिश्ती (B) सुहरावर्दी
(C) कादिरी (D) नक्शबंदी **[D]**
**व्याख्या**—नक़्शबंदिया एक सूफ़ी सिलसिला है, जिसकी स्थापना ख़्वाजा उबेदुल्ला द्वारा की गई थी। भारत में इस सिलसिले का प्रचार ख़्वाजा बाकी बिल्लाह के शिष्य एवं मुग़ल बादशाह अकबर के समकालीन शेख़ अहमद सरहिन्दी ने किया था। यह सिलसिला संगीत के विरुद्ध था।

**8. संत रामदास को किसके शासन काल से संबंधित माना जाता है?**
(A) अकबर (B) जहांगीर (C) शाहजहां (D) औरंगज़ेब **[D]**
**व्याख्या**—महाराष्ट्र के महान् सन्त स्वामी समर्थ गुरु रामदास बड़े महात्मा, साधु ही नहीं, अपितु विद्वान् कवि, राजनीतिज्ञ और संगठनकर्ता भी थे। तत्कालीन सामाजिक एवं राजनीतिक बुराइयों को दूर करने में तथा सामान्य जनता के लिए सच्चाई का मार्ग प्रशस्त करने में उनकी महती भूमिका रही है। वे औरंगज़ेब के समकालीन थे।

**9. शिवाजी की आठ सदस्य परिषद् (अष्टप्रधान) में निम्नलिखित मंत्रियों में से किसने वित्त का प्रभार संभाला था?**
(A) अमात्य (B) पेशवा
(C) सुमंत (D) पंडित राव **[A]**
**व्याख्या**—अमात्य, सचिव तथा मंत्री शब्दों का पर्याय रूप में प्रयोग बहुलता से उपलब्ध होता है, जिससे इनके परस्पर पार्थक्य का पता ठीक-ठीक नहीं चलता। मराठा साम्राज्य के वित्तमंत्रियों को अमात्य कहा जाता था।

**10. औरंगजेब के विरुद्ध हुए उत्तर भारत के विद्रोहों का सही क्रम है—**
(A) जाट-बुंदेला-सतनामी-सिख
(B) बुंदेला-जाट-सतनामी-सिख
(C) सतनामी-जाट-बुंदेला-सिख
(D) सिख-जाट-बुंदेला-सतनामी **[A]**
**व्याख्या**—जाटों ने अपने स्थानीय ज़मींदार गोकाला के नेतृत्व में औरंगज़ेब के खिलाफ विद्रोह किया था। इसके बाद बुंदेला विद्रोह हुआ। सतनामी, जो वास्तव मे हिंदू थे, ने 1672 मे औरंगज़ेब के खिलाफ

# प्रैक्टिस पेपर-15

**कुल प्रश्न : 150** | **समय : 150 मिनट** | **कुल अंक : 300**

**1. सिंधु सभ्यता के लोग पूजा करते थे-**
(A) पशुपति की (B) इंद्र और वरुण की
(C) ब्रह्मा की (D) विष्णु की **[A]**
**व्याख्या**—मोहनजोदड़ो में पशुपति मुहर की खोज के आधार पर, इतिहासकारों और पुरातत्त्वविदों का मानना है कि सिन्धु घाटी के लोग भगवान शिव की उपासना करते थे। शिव चौपाया पशु (पशुपति) के स्वामी हैं।

**2. कांग्रेस के पहले अधिवेशन के समय ब्रिटिश भारत का वाइसराय कौन था?**
(A) लॉर्ड कर्जन (B) लॉर्ड डफरिन
(C) लॉर्ड मेयो (D) लॉर्ड मिंटो **[B]**
**व्याख्या**—लॉर्ड डफ़रिन 1884 ई. में लॉर्ड रिपन के बाद भारत का वायसराय बनकर आया था । वह 1884 से 1888 ई. तक भारत का वाइसराय तथा गवर्नर-जनरल रहा था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर, 1885 में की गई थी। पहला अधिवेशन मुंबई में दिसंबर 1885 में आयोजित किया गया। इसलिए, (B) सही विकल्प है।

**3. ऋग्वैदिक आर्यों का मुख्य व्यवसाय था?**
(A) कृषि (B) पशुपालन
(C) शिक्षा (D) व्यवसाय **[B]**
**व्याख्या**—ऋग्वैदिक आर्यों का प्रारम्भिक जीवन अस्थाई था। अतः उनके जीवन में कृषि की अपेक्षा ''पशुपालन'' का अधिक महत्व था। ऋग्वेद में 176 बार 'गो' शब्द का उल्लेख मिलता है।

**4. सुमेलित कीजिए**
(i) अथर्ववेद — 1. ईश्वर महिमा
(ii) ऋग्वेद — 2. बलिदान विधि
(iii) यजुर्वेद — 3. औषधियों से संबंधित
(iv) सामवेद — 4. संगीत

| कूट : | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**[D]**
**व्याख्या—ऋग्वेद**—सबसे प्राचीन तथा प्रथम वेद जिसमें मन्त्रों की संख्या 10527 है।
**यजुर्वेद**—इसमें कार्य (क्रिया) व यज्ञ (समर्पण) की प्रक्रिया के लिये 1975 गद्यात्मक मन्त्र हैं।
**सामवेद**—इस वेद का प्रमुख विषय उपासना है। संगीत में गाने के लिये 1875 संगीतमय मंत्रमंत्र हैं।
**अथर्ववेद**—इसमें गुण, धर्म, आरोग्य एवं यज्ञ के लिये 5977 कवितामयी मन्त्र हैं।

**5. निम्नलिखित में से प्राचीनतम राजवंश कौन-सा है?**
(A) मौर्य (B) गुप्त (C) कुषाण (D) कण्व **[A]**
**व्याख्या**—मौर्य राजवंश (322-185 ईसा पूर्व) प्राचीन भारत का एक राजवंश था। इसने 137 वर्ष भारत में राज्य किया। इसकी स्थापना का श्रेय चन्द्रगुप्त मौर्य और उसके मन्त्री आचार्य चाणक्य को दिया जाता है, जिन्होंने नंदवंश के सम्राट घनानन्द को पराजित किया। यह साम्राज्य पूर्व में मगध राज्य में गंगा नदी के मैदानों से शुरू हुआ।

**6. इस्लामी रहस्यवादी आंदोलन को क्या कहा जाता है?**
(A) सूफी आंदोलन (B) दीन-ए-इलाही
(C) तौहीद-ए-इलाही (D) इनमें से कोई नहीं **[A]**
**व्याख्या**—सूफी आंदोलन भी भक्ति आंदोलन की तरह ही मध्यकाल में अपने प्रभावी रूप में आया, यद्यपि उसकी पृष्ठभूमि सातवीं-आठवीं शताब्दी में ही देखी जा सकती है। इसी प्रकार, सूफी आंदोलन भी भक्ति आंदोलन की तरह ही किसी नए धर्म की स्थापना का प्रयास न होकर इस्लाम का ही शांतिपूर्ण अभियान था।

**7. अकबर के समय मुगल सूबों (प्रांतों) की संख्या 15 थी जो औरंगजेब के समय बढ़कर हो गई?**
(A) 16 (B) 18 (C) 21 (D) 24 **[C]**
**व्याख्या**—औरंगज़ेब ने भारतीय उपमहाद्वीप पर आधी सदी के लगभग समय तक राज किया। वो अकबर के बाद सबसे अधिक समय तक शासन करने वाला मुग़ल शासक था। औरंगजेब के समय सूबों (प्रांतों) की संख्या बढ़कर 21 हो गई।

**8. दारा शिकोह ने किस सूफी सिलसिले को अपनाया ?**
(A) चिश्ती (B) नक्शबंदी (C) फिरदौसी (D) कादिरी **[D]**
**व्याख्या**—कादिरी सूफ़ियों का एक संप्रदाय है। इसका नाम अब्दुल क़ादिर जीलानी के नाम पर रखा गया है जो गिलान के रहने वाले थे। यह संप्रदाय इस्लाम के मूलतत्व पर आधारित है।

**9. राजनीतिक शक्ति के लिए लड़ने के लिए शिवाजी को प्रभावित करने वाले भक्ति संत कौन थे?**
(A) तुकाराम (B) एकनाथ
(C) रामदास (D) इनमें से कोई नहीं **[C]**
**व्याख्या**—समर्थ रामदास, जिसे संत रामदास या रामदास स्वामी के नाम से भी जाना जाता है, एक भारतीय मराठी हिंदू संत, दार्शनिक, कवि, लेखक और आध्यात्मिक गुरु थे। इन्होंने शिवाजी को प्रभावित किया।

**10. मंगल पाण्डे, जिसने अकेले 1857 ई. में विद्रोह का सूत्रपात किया, संबंधित था**
(A) 34वीं नेटिव इंफैंट्री से (B) 22वीं नेटिव इंफैंट्री से
(C) 19वीं नेटिव इंफैंट्री से (D) 38वीं नेटिव इंफैंट्री से **[A]**
**व्याख्या**—मंगल पाण्डे ईस्ट इंडिया कंपनी की 34वीं बंगाल इंफेन्ट्री के सिपाही थे। तत्कालीन अंग्रेजी शासन ने उन्हें बागी करार दिया जबकि आम हिंदुस्तानी उन्हें आजादी की लड़ाई के नायक के रूप में सम्मान देता है।

**11. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में वंदे मातरम् को पहली बार गाया गया था?**
(A) 1887 का मद्रास अधिवेशन


दक्ष की पुस्तकें Online Order करने के लिए www.dakshbooks.com पर जायें

















**दक्ष प्रकाशन**

(A Unit of College Book Centre)

A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)

फोन नं. 0141-2604302

Code No. D-638 | ₹ 340/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु

**WWW.DAKSHBOOKS.COM**

पर ORDER करें

★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★